आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं के लिए राज्य सरकार मंदिरों से कोई पैसा नहीं लेगी। मण्डी में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में भाजपा द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है लेकिन इससे भाजपा को कुछ भी हासिल नहीं होगा।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन ज़िले में कसौली क्षेत्र के जाबली में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेशभर में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान आरम्भ किए जाएंगे। शांडिल ने कहा कि इन संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नशाखोरी पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि नशे के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए भी व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

**उद्योग मंत्री**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। नाहन में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश के छात्रों में सीखने का स्तर सबसे अधिक है और शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक समय की मांग के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक सम्मेलन में 3 सौ 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**मांग**

चम्बा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी में हाल ही में हुई भारी बर्फबारी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। घाटी में करीब 4 फुट हिमपात हुआ है। ऐसे में पांगी घाटी का संपर्क देश—प्रदेश से कटा हुआ है। घाटी की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार से अजोग, साच, किलाड़ और धरवास के लिए हैलीकॉप्टर उड़ानों की मांग की है ताकि लोगों को घाटी से बाहर जाने की सुविधा मिल सके।

**सड़क सुरक्षा**

मण्डी में अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली निकाली गई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सेरी मंच से रैली को हरी झण्डी दिखाई। ये रैली डडौर तक निकाली गई और इस रैली में सौ बाईक और 25 कारें शामिल रहीं। रैली को रवाना करने के बाद अपने संदेश में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने का आह्वान किया।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि पिछले दिनों हुई भारी बारिश, बर्फबारी व भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन धीरे—धीरे पटरी पर लौट रहा है। जानकारी के अनुसार अभी भी 4 राष्ट्रीय राजमार्गों सहित करीब 4 सौ 80 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसी तरह करीब 2 हज़ार विद्युत ट्रांसफार्मर और 4 सौ से अधिक पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। मौसम विभाग ने कल 3 मार्च से एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश व वर्षा की संभावना है।

**चर्चा**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी व राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर कई कांग्रेस विधायक व पार्टी नेता मौजूद रहे।

**नमस्कार।**